CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:36 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 56 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 14 अगस्त 2024

देश में 78वें स्वतंत्रता दिवस...पेज-4 पर










## स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं


# कार्यालयः- प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक
## बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल

पत्रांकः विज्ञप्ति/2024-25-1830 दिनांक 13.08.2024

**स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं**

1. बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध है।
2. बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में ईको, टी0एम0टी0, सी0टी0 स्कैन, एक्स रे, पैथोलौजी जांचें व अल्ट्रासाउण्ड की सुविधायें उपलब्ध है।
3. बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा कार्डियोलौजिस्ट भी तैनात है।
4. बी0डी0 पाण्डे जिला व महिला चिकित्सालय, नैनीताल में भर्ती हेतु आने वाले मरीजों के लिये प्राइवेट वार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
5. बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में यूजर चार्जेज जमा करने के लिये ई पेमेन्ट सुविधा उपलब्ध है।

डा0 हरीश चन्द्र पन्त
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
नैनीताल

डा0 तरूण कुमार टम्टा
प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकरु
बी0डी0 पाण्डे जिला चिकि0
नैनीताल

श्रीमती बन्दना सिंह
(आई0ए0एस0)
जिलाधिकारी
नैनीताल


## सीएम धामी ने प्रदेशवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

**देहरादून।** सीएम धामी ने सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 मेंकुल 3.5 लाख करोड़ निवेश समझौते हुए, जिनमें 81 हजार करोड़ के समझौते की ग्राउंडिंग की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, अनुकूल औद्योगिक नीति, शांत औद्योगिक वातावरण, दक्ष मानव संसाधन और उदार कर लाभों तथा पूंजी निवेश में वृद्धि से उत्तराखंड देश में तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक है। हमारा संकल्प उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ एवं अग्रणी राज्य बनाने का है।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में सीएम ने शुभकामनाएं दीं। कहा, पिछले तीन वर्षों में 15 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। कहा, नीति आयोग की 2023-24 की एसडीजी सूचकांक में उत्तराखंड ने सतत विकास लक्ष्यों में पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया। कहा, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 मेंकुल 3.5 लाख करोड़ निवेश समझौते हुए, जिनमें 81 हजार करोड़ के समझौते की ग्राउंडिंग की जा चुकी है। कहा, पीएम मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में लगभग दो लाख करोड़ की योजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहे हैं। सरकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है।

कहा, सोलर प्रोजक्ट लगाने को 70 फीसदी तक सब्सिडी दी जा रही है। अपणि सरकार पोर्टल, ई-केबिनेट, ई-ऑफिस, सीएम डैश बोर्ड उत्कर्ष, सीएम हेल्पलाईन 1905, सेवा का अधिकार और ट्रांसफर एक्ट की पारदर्शी व्यवस्था अपनाकर राज्य में भ्रष्टाचार को मिटाने का प्रयास किया है। भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनता के लिए 1064 वेब एप लॉन्च किया गया है। कहा, उत्तराखंड पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म हब, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। उद्योग तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियां तैयार की गई हैं। दिल्ली देहरादून एलिवेटेड रोड तैयार होने के बाद देहरादून जल्द ही दिल्ली एनसीआर का हिस्सा बन जाएगा।

## सूचना

15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तरांचल दीप कार्यालय में पूर्ण रूप से अवकाश रहेगा। जिस कारण समाचार पत्र का अगला अंक 16 अगस्त 2024 को प्रकाशित होगा।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत


# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल

पत्रांक 1024/लेखा-वि0नि0/2024-2025 दिनांक 14 अगस्त 2024

## विज्ञप्ति

### विधायक निधि योजनान्तर्गत वार्षिक प्रगति रिपोर्ट जनपद-नैनीताल

| क्रमांक | माननीय विधायक जी /विधानसभा क्षेत्र का नाम | वित्तीय वर्ष | वित्तीय वर्ष हेतु शासन द्वारा आवंटित राशि (लाख में) | मा0 विधायक जी द्वारा संस्तुत | | जनपद स्तर से निर्माण कार्य किये जाने हेतु कार्यदायी संस्थाओं को अवमुक्त | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कार्य संस्था | धनराशि (लाख में) | कार्य संस्था | धनराशि (लाख में) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री बंसीधर भगत जी वि0स0 कालाढूंगी | 2023-24 | 490.00 | 249 | 489.92 | 230 | 452.66 |
| 2 | डा0 मोहन सिंह बिष्ट वि0स0 लालकुआं | 2023-24 | 490.00 | 413 | 489.88 | 400 | 468.84 |
| 3 | श्रीमती सरिता आर्या वि0स0 नैनीताल | 2023-24 | 490.00 | 238 | 490.00 | 233 | 479.02 |
| 4 | श्री दीवान सिंह बिष्ट वि0स0 रामनगर | 2023-24 | 490.00 | 184 | 490.00 | 183 | 485.00 |
| 5 | श्री राम सिंह कैड़ा वि0स0 भीमताल | 2023-24 | 490.00 | 441 | 489.89 | 338 | 483.85 |
| 6 | श्री सुमित हृदयेश वि0स0 हल्द्वानी | 2023-24 | 490.00 | 120 | 490.00 | 116 | 481.77 |

गोपाल गिरी
जिला विकास अधिकारी
नैनीताल।

अशोक कुमार पाण्डेय,
मुख्य विकास अधिकारी,
नैनीताल।

## स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

ADITYA BIRLA CENTURY

# सेन्चुरी पल्प एण्ड पेपर (आदित्य बिरला ग्रुप)

## घनश्यामधाम, लालकुआँ – 262402, जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

### सेन्चुरी पल्प एण्ड पेपर द्वारा देश के औद्योगिक विकास के साथ साथ जनहित में बढ़ते कदम

किसी भी संस्थान की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है कि गुणवत्ता युक्त माल का अधिकतम उत्पादन करें पर उससे भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण ध्यान देने योग्य यह है कि उस संस्थान ने निकटवर्ती क्षेत्रों और वहाँ रहने वाले लोगों के विकास हेतु क्या योगदान दिया है। लालकुआं स्थित आदित्य बिरला ग्रुप के विशाल प्रतिष्ठान सेन्चुरी पल्प एण्ड पेपर ने क्षेत्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है एवं प्रमुख गतिविधियां निम्न है।

प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल घोड़ानाला, एवं राजीवनगर का जीर्णोद्धार एवं पीने के पानी की व्यवस्था।

क्षेत्रीय महिलाओं व बालिकाओं के लिए विन्दुखत्ता एवं शान्तिपुरी में निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र।

झ विन्दुखत्ता, खड्डी मोहल्ला, शान्तिपुरी एवं लालकुआँ क्षेत्र में 146 हैण्ड पम्प की स्थापना।

निकटवर्ती क्षेत्रों (राजीव नगर, हाथी – खाना, बंगाली कॉलोनी, संजय नगर बजरी कम्पनी) में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव एवं साफ–सफाई का विशेष ध्यान।

विन्दुखत्ता,लालकुआँ, हल्दूचौड़ एवं शान्तिपुरी (गरीबी रेखा से नीचे चिन्हित स्थानों पर) में 310 शौचालयों का निर्माण। राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज लालकुआँ, हाट कालिका इण्टर कॉलेज, आदर्श इण्टर कॉलेज विन्दुखत्ता, राजकीय इण्टर कॉलेज हल्दूचौड़, प्राइमरी स्कूल घोड़ा नाला रावत नगर एवं बंगाली कॉलोनी में छात्र – छात्राओं के लिए फर्नीचर प्रदान किया गया।

◆ जनता इण्टर कॉलेज विन्दुखत्ता में फर्नीचर सहित 2 कक्षों का निर्माण एवं 15 कमप्यूटर प्रदान किए गए

◆ बिन्दुखत्ता में असहाय परिवारों के लिए 5 आवासों का निर्माण एवं इन्दिरानगर विन्दुखत्ता में गौला नदी में बाढ़ से प्रभावित छः परिवारों हेतु प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गयी भूमि पर आवास की व्यवस्था कर दी गयी है।

◆ आई. टी. शिक्षा को बढावा देने हेतु जनपद नैनीताल के प्राइमरी स्कूलों में 75 लैपटॉप एवं प्रिन्टर, जी0जी0आई0सी0 लालकुआं में 10 कमप्यूटर राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय लालकुआ में 5 कमप्यूटर एवं आई. टी. आई. विन्दुखत्ता में 10 कमप्यूटर फर्नीचर सहित प्रदान किए गए।

◆ पर्वतीय क्षेत्र से पिरूल एकत्रित कर विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रदान किया जा रहा है जिससे वनाग्नि पर भी नियंत्रण हो रहा है।

◆ निकटवर्ती क्षेत्रों में चिकित्सा हेतु मेडिकल कैंप एवं ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया एवं राजकीय ब्लड बैंक खटीमा हेतु उपकरण प्रदान किये गये।

◆ इसके अतिरिक्तकोरोना वायरस की रोकथाम हेतु भी प्रयास किये गये जिनमें प्रमुख सेनेटाईजेशन हेतु 225000 लीटर सोडियम हाईपोक्लोराइड का वितरण, 85000 मास्क का वितरण, पी0 पी0 ई0 किट, मेडिकल बैड, आक्सीजन सिलेण्डर, पल्स ऑक्सीमीटर, सेनेटाईजेशन मशीन, एक्स–रे मशीन, वैक्सीनेशन एवं राजकीय चिकित्सालयों में स्थापना हेतु अत्याधुनिक तकनीक से युक्त 9000 लीटर प्रति घंटा क्षमता के रू0 1 करोड़ की लागत से 3 ऑक्सीजन संयंत्र फांस से आयात किए गये हैं जिनमें से एक संयंत्र राजकीय महिला चिकित्सालय हल्द्वानी एवं एक सैनिटोरियम भवाली में स्थापित किया गया है।

◆ लालकुआँ के निकट डौली एवं किशनपुर रेंज में अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत 2.13 करोड़ लीटर क्षमता के 12 जलाशयों का निर्माण किया गया है जिससे वन्य जीवों हेतु जल की उपलब्धता के साथ साथ भूमिगत जल भी रिचार्ज होगा एवं वन्य जीवों के लिए (ग्रासलैंड) विकसित किया गया हैं।

◆ मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु मोबाइल मेडिकल वैन में प्रदान की गई।

◆ श्रीलनित्यानंद पद आश्रम हल्दूचौड़ में पशुओं के लिए मासिक 60 कुंटल भूसे की व्यवस्था।

Website: centurypaperindia.com, Contact No.-& 05945&268047, Email&cppl.admin@adityabirla.com









# देश में 78वें स्वतंत्रता दिवस की उमंग



**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस पर इस बार 11 श्रेणियों के तहत 18 हजार मेहमान आकर्षण का केंद्र होंगे। खास बात यह है कि इनमें से 6 हजार खास मेहमान महिला, किसान, युवा और गरीब वर्ग के होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से देश को विकास का संदेश देंगे और 2047 तक देश को विकसित बनाने लिए अपना विजन जनता के सामने रखेंगे। लालकिला परिसर में होने वाले स्वतंत्रता दिवस पर इस बार 11 श्रेणियों के तहत 18 हजार मेहमान आकर्षण का केंद्र होंगे। खास बात यह है कि इनमें से 6 हजार खास मेहमान महिला, किसान, युवा और गरीब वर्ग के होंगे। अटल इनोवेशन मिशन और पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) योजना से लाभान्वित छात्र तथा 'मेरी माटी मेरा देश' के तहत मेरा युवा भारत और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस वर्ष भारतीय नौसेना समन्वय सेवा है। गार्ड ऑफ ऑनर की कमान कमांडर अरुण कुमार मेहता संभालेंगे।
















